प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

05.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

गरीब कल्याण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार को सहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर, लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार के सशक्तिकरण, मज़बूत बुनियादी ढांचे और समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। सोशल मीडिया पोस्ट उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने ने गरीबी को हराने में 25 करोड़ से अधिक लोगों की मदद करने में इन पहलों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने समावेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई, जहां हर नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले।

.......................................................................

विश्व पर्यावरण दिवस

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। प्रकृति और पृथ्वी के संरक्षण के लिए सकारात्मक पर्यावरणीय कार्रवाई के प्रति दुनिया भर में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है –प्लास्टिक प्रदूषण को परास्त करना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया। नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत बरगद का पौधा लगाया। यह पौधा अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के एक भाग के रूप में लगाया गया था, जिसका उद्देश्य अरावली पर्वतमाला के सात सौ किलोमीटर क्षेत्र में पुनः वनरोपण करना है। इस परियोजना का उद्देश्य दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात सहित चार राज्यों के 29 जिलों में अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास के पाँच किलोमीटर के बफर क्षेत्र को हरित बनाना है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने एक संदेश में सभी प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी का आहवान किया।

.......................................................................

मुख्यमंत्री

इधर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज ओक ओवर, शिमला से 'प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना' ध्येय से आयोजित साइकिल रन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्लास्टिक न्यूट्रल हिमाचल–2030 जागरूकता अभियान और स्वच्छ शिमला अभियान का भी शुभारम्भ किया। इस अभियान में विद्यार्थियों, स्वयं

सेवियों, गृह रक्षा जवानों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश को प्लास्टिक न्यूट्रल बनाने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमाचल को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी को सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए और पर्यावरण को प्लास्टिक से बचाना सभी का दायित्व है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आगामी 5 वर्षों में हिमाचल को प्लास्टिक मुक्त बनाने के निरंतर प्रयासों के साथ–साथ जागरूकता लाने के लिए गंभीर प्रयासों की भी नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की प्राकृतिक सौंदर्य से अलग पहचान है और इसे बनाए रखने के लिए हमें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निरंतर प्रयास करने होंगे। <u>एक पेड़ मां के नाम</u>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में पौधारोपण किया और ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मिशन लाइफ के लिए इको क्लबों की गतिविधियों की निगरानी के लिए एक वेब पोर्टल सहित ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के 2.0 पर विशेष मॉड्यूल और एक वेबसाइट भी लॉन्च की। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि देश का कार्बन उत्सर्जन वांछनीय सीमा से नीचे है। उन्होंने प्रत्येक जीवित प्राणी के अस्तित्व के लिए पेड़ों के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आज, 4 सौ मिलियन टन प्लास्टिक का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें से केवल 10 प्रतिशत का निर्माण किया जा सकता है।

---

<u>प्रतिनिधिमंडल</u>

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अमरीका में नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों और भारतीय समुदाय के साथ कई बैठकों के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को मजबूती से सामने रखा है। उन्होंने वाशिंगटन में अमरीकी कांग्रेस की विदेश मामलों की समिति के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक के बाद कहा कि आतंकवादी हमलों की निंदा करने और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के मुद्दे पर सभी ने पूरी तरह से सहमति व्यक्त की। शशि थरूर ने कहा कि भारत इस मजबूत और बिना शर्त समर्थन के लिए अमरीका का आभारी है। समिति के अध्यक्ष ब्रायन मास्ट ने मीडिया से बात करते हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि इस तरह के हमलों के लिए दुनिया में कोई जगह नहीं है। इस बीच, जनता दल–यू सांसद संजय झा के नेतृत्व में एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने आज नई दिल्ली में विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर से मुलाकात की। डी.एम.के. सांसद कनिमोई के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल ने भी विदेश मंत्री से मुलाकात की। आतंकवाद के खिलाफ भारत के सैद्धांतिक और दृढ़ रुख का संदेश लेकर गए

सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पांच प्रतिनिधिमंडल अपनी सफल यात्रा पूरी कर भारत लौट आए हैं।

-----------------------------------------------------------